| Name | | Roll Number | |
|---|---|---|---|

# INDIAN SCHOOL MUSCAT
## MIDDLE SECTION
## HALF YEARLY EXAMINATION 2019-20
## HINDI (SECOND LANGUAGE)
## MODEL PAPER

CLASS: V ___ Time Allotted: 2½Hrs.

Max .Marks: 80

**निर्देश :**

* **इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड हैं। खंड (क), खंड (ख) और खंड (ग)।**
* **इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं।**
* **प्रश्न पत्र में कोई उत्तर न लिखें।**
* **हर प्रश्न को ध्यान से पढ़कर उसके सही उत्तर दें।**

## खण्ड (क) पदय व गदय

**प्रश्न** **Marks**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**(क) "सोचने फिर-फिर यही जी में लगी, आह! क्यों घर छोड़कर मैं यों कढ़ी।"** **1x5=5**

(i) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से ली गई है?

(ii) इस कविता के कवि का नाम क्या है ?

(iii) वह अपने जी में क्या सोचने लगी ?

(iv) उपर्युक्त वाक्य में से एक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए ।

(v) घर शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

**(ख) "मैं तुम्हें यह पत्र दिल्ली आमंत्रित करने के लिए लिख रहा हूँ ?"** **1x5=5**

(i) उपर्युक्त वाक्य किस पाठ से लिया गया है?

(ii) उपर्युक्त वाक्य में कौन किसे पत्र लिख रहा है ?

(iii) उपर्युक्त वाक्य में दिल्ली आमंत्रित क्यों किया जा रहा है ?

(iv) "मैं" शब्द का बहुवचन लिखिए ।

(v) उपर्युक्त वाक्य में से दो सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए ।

**प्रश्न 2 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर उनके सामने सही ((✓)या गलत (X)का निशान लगाइए।** **½x6=3**

(क) लड़के के पिता देश की खातिर जेल में थे ।

(ख) कबीरदास जी सबसे पहले भगवान के चरण छूने के लिए कहते हैं ।

(ग) सूरजकुंड हरियाणा राज्य के अंबाला जिले में स्थित है ।

(घ) विद्या रूपी धन परिश्रम से प्राप्त किया जा सकता है ।
(ङ) लड़के ने ग्यारह खिलौने जीते ।
(च) बूँद बादलों की गोद से निकली ।

**प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।** **1x4=4**

(क) मैदान (ख) पत्र (ग) सुंदर (घ) झोंपड़ी

**प्रश्न 4 निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति पाठ के आधार पर कीजिए।** **1x5=5**

(क) भारतीय कला और वास्तुकला की कहानी __________ सभ्यता से प्रारंभ होती है।
(ख) लड़का चुपचाप __________ पीनेवालों को देख रहा था ।
(ग) सूरजकुंड मेले में हस्तशिल्प मेले का __________ किया जाता है।
(घ) समस्त नगरवासियों का __________ हो गया।
(ङ) बड़े दिन की __________ बीत चली थीं

**प्रश्न 5 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ हिंदी में लिखिए ।** **1x6=6**

(क) लौं (ख) दैव (ग) बलिहारी
(घ) बहुरि (ङ) पौन (च) अकसर

**प्रश्न 6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।** **1x6=6**

(क) छोटा जादूगर अपनी जीविका किस प्रकार चलाता था ?
(ख) गुरू और गोविंद से कबीर का क्या तात्पर्य है ?
(ग) लोग घर छोड़ते समय क्यों झिझकते हैं ?
(घ) बिजली कहाँ जगमगा रही थी ?
(ङ) महान संतों के दोहों की सीख का हमें क्या करना चाहिए ?
(च) मेले में किन चीज़ों को देखा सकता है ?

**प्रश्न 7 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए। (only 3)** **2x3=6**

(क) 'एक बूँद' कविता के माध्यम से कवि ने क्या प्रेरणा दी है ?
(ख) भारतीय मेलों में विविधता में एकता के दर्शन होते हैं । इस विषय पर अपने विचार लिखिए।
(ग) कबीरदास जी खजूर के पेड़ के माध्यम से क्या कहना चाहते हैं ?
(घ) आँखों से बहते अश्रु पोंछकर सुपिुया ने बुद्धदेव से क्या कहा ?
(ङ) छोटे जादूगर की वेश-भूषा का वर्णन कीजिए ।

## खण्ड (ख) व्याकरण

**प्रश्न 8 निम्नलिखित संज्ञा शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।** **1x2=2**

(i) कक्षा (ii) हवाईजहाज़

**प्रश्न 9**

**(क) निम्नलिखित वाक्यों में से चार सर्वनाम शब्दों को पहचानकर लिखिए।** **½x4=2**

(i) हम अपने-आप पाठशाला जाएँगे ।
(ii) दरवाज़े पर कोई आया है।
(iii) वह बगीचे में खेल रहा था।

(ख) **निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित सर्वनाम शब्दों से कीजिए।** **1x3=3**

(i) जैसी करनी ____________ भरनी।

(ii) आज मेरा काम ____________ करेगा?

(iii) यह सुंदर घर ____________ है।

**प्रश्न 10**

(क) **निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए।** **½x4=2**

(i) बुद्धिमती (ii) पुरुष (iii) लेखक (iv) युवती

(ख) **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए।** **1x3=3**

(i) **माताजी** बाज़ार गई।

(ii) **विद्वान** सभा में बैठा है ।

(iii) वह **औरत** भीख माँग रही है।

**प्रश्न 11 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए।** **1x3=3**

(क) हाथ से लिखा हुआ

(ख) सरकारी आय-व्यय की देखरेख करने वाला

(ग) ईमानदारी से काम करनेवाला

**प्रश्न 12 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।** **1x3=3**


(क) उपस्थित (ख) धनी (ग) आदर

**प्रश्न 13 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।** **½x8=4**

(क) सेवक (ख) गुरु (ग) नाव (घ) निर्मल

## खण्ड (ग) रचना

**प्रश्न 14 नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 20 - 25 शब्दों में कीजिए।** **3**



**प्रश्न 15 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

विद्यार्थी देश का भविष्य है। एक अच्छा विद्यार्थी ही देश का अच्छा नागरिक बनता है। देश के प्रत्येक प्रकार का विकास विद्यार्थी पर निर्भर करता है। जब विद्यार्थी अपनी इच्छा से विद्यालय के द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करता है तब वह अच्छा विद्यार्थी अर्थात् अनुशासित कहा जाता है। विद्यार्थियों के लिए अनुशासन का पालन करना प्रत्येक स्थान पर आवश्यक है जैसे - विद्यालय, खेल का मैदान, बाज़ार, घर, सड़क इत्यादि। अनुशासनहीन विद्यार्थी न तो व्यवस्थित रह सकता है और न ही उत्तम शिक्षा ग्रहण कर सकता है। अनुशासन थोपा नहीं जा सकता अनुशासन मन से होता है।

**प्रश्न**

**(क)** विद्यार्थी पर क्या निर्भर करता है ? **1**

**(ख)** विद्यार्थी अनुशासित कब कहा जाता है ? **1**

**(ग)** विद्यार्थियों के लिए अनुशासन का पालन करना किन स्थानों पर आवश्यक है ? **1**

**(घ)** देश का भविष्य कौन है ? **1**

**(ङ)** उपर्युक्त गद्यांश में से निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द ढूँढ़कर लिखिए । **½x2=1**

**(i)** बुरा **(ii)** विदेश

**प्रश्न 16 निम्नलिखित विषयों में से किसी भी एक विषय पर लगभग 60-80 शब्दों में निबंध लिखिए।** **10**

**(क)** तिरंगा झंडा **(ख)** माँ **(ग)** भारत देश **(घ)** मेरा प्रिय पशु